हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

02.12.2018

आर्यभट्ट छात्रावास में हुई परीक्षा में चयनित हुए 166 छात्र-छात्राएं, सैमसंग रिसर्च, फ्लिपकार्ट, पेटीएम संग 41 कंपनियों ने खोला पिटारा

आईआईटी बीएचयू के छात्र को 1.04 करोड़ का पैकेज

कैंपस प्लेसमेंट

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के 166 छात्र-छात्राओं को शनिवार को ड्रीम जॉब मिला। कैंपस प्लेसमेंट के पहले दिन सैमसंग रिसर्च, फ्लिपकार्ट और पेटीएम समेत 41 कंपनियों ने 47 लाख रुपये तक का सालाना पैकेज ऑफर किया। एक विद्यार्थी को एक करोड़ चार लाख रुपये का रेडमंड ऑफर भी मिला।

संस्थान के आर्यभट्ट छात्रावास में दो चरणों में होने वाले कैंपस प्लेसमेंट के लिए शुक्रवार की आधी रात के बाद से गहमा-गहमी रही। माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, सैमसंग रिसर्च इंडिया, डीई शॉ, अल्फांसो इंक, मीडिया नेट, पेटीएम, एडोबी, फ्लिपकार्ट, सिटी कॉर्प तथा ऑनलाइन शॉपिंग जैसी कंपनियों ने पहले ऑनलाइन टेस्ट फिर साक्षात्कार लिया। देर शाम तक परिणाम ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस को भेज दिये गए। जिसमें एक विद्यार्थी को एक करोड़ चार लाख रुपये यूएस का रेडमंड ऑफर मिला। अन्य कंपनियों ने भी 12 से 47 लाख रुपये तक के ऑफर दिये।

पहले दिन इंटरव्यू को मिलाकर इस सत्र में अब तक 317 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर हुए। जिसमें कैंपस प्लेसमेंट के पहले दिन 166, इंटर्नशिप का 150 तथा इसरो ने एक छात्र को जॉब दिया। कंपनियों ने इस बार संस्थान से नॉन डिस्क्लोज बांड भरवाया है जिसके चलते कौन सी कंपनी ने कितने का पैकेज दिया है। इसे ओपेन नहीं किया जा रहा है।

आईआईटी बीएचयू के प्लेसमेंट में हाई पैकेज के रेडमंड ऑफर का विद्यार्थी बेसब्री से इंतजार करते हैं। यूएस के रेडमंड शहर में काम करना छात्रों का ड्रीम होता है। रेडमंड ऑफर एक करोड़ से ऊपर का होता है।

पिछले साल माइक्रोसाफ्ट ने आईआईटी बीएचयू के मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग की एक छात्रा को रेडमंड ऑफर मिला था। इस छात्रा को एक करोड़ 34 लाख रुपये का पैकेज ऑफर हुआ था।

जियोफिजिक्स के 5 छात्रों को 20 लाख का पैकेज

वाराणसी। बीएचयू विज्ञान संस्थान के पांच विद्यार्थियों को ओएनजीसी ने जियोफिजिसिस्ट पद पर किया। जिसमें दिव्या मिश्रा, अर्चिता पांडेय, ज्योति यादव, शुभम और अजय यादव को 20 लाख का पैकेज दिया गया है। पिछले साल ओएनजीसी ने 17.81 लाख का पैकेज दिया था।